## बिजली बिल को लेकर हल्लाबोल

# कंपनी के जोन पर प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने बजाई थाली

### बोले - कमलनाथ सरकार में जिसका बिल 100 यूनिट आता था, उन्हें अब 700 से 900 यूनिट के बिल थमा रहे

नगर प्रतिनिधि

**इंदौर।** शहर कांग्रेस कमेटी ने बिजली के बढ़े हुए बिलों के खिलाफ गुरुवार को बिजली कंपनी के सभी जोन पर जंगी प्रदर्शन किया। रेडीमेड कॉम्प्लेक्स एमपीईबी जोन बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेसियों ने थाली बजाकर नारेबाजी की और जनता को राहत देने का ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों का आरोप है कि मनमाने बिजली बिल से आम आदमी परेशान है। विभाग द्वारा जबरन वसूली की जा रही है। कमलनाथ सरकार में जिसका बिल 100 यूनिट का आ रहा था। उन्हें अब 700 से 900 यूनिट के बिल थमाए जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव राजेश चौकसे ने कहा - कमलनाथ सरकार में बिना भेदभाव के हर तबके को 100 यूनिट बिजली के तहत राहत दी गई थी। तब शिवराज सिंह ने बिना कारण उपभोक्ताओं को बरगलाकर न सिर्फ बिजली के बिलों को भरने से मना किया था, बल्कि बिल की होली भी जलाई थी। जबकि कांग्रेस सरकार के इस निर्णय से हर वर्ग को लाभ मिला था। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब सत्ता से बाहर होते हो जनता के लिए घड़ियाली आंसू बहाते हैं और जब सत्ता में होते हैं तो उसी जनता पर करो का चाबुक चलाते हैं। बेतहाशा महंगाई में प्रदेश की जनता को राहत देना तो दूर उल्टा उनकी जेब पर डाका डाला जा रहा है। यह सबकुछ प्रदेश सरकार के शय पर हो रहा है।



#### दे रहे मनमाने बिल

वहीं, अन्य कांग्रेसियों का कहना था कि बिजली कंपनी लॉकडाउन के बाद से ही आम जनता को अनाप - शनाप बिल थमा रही है। जिनका बिजली बिल महीने में 100 से 150 यूनिट का आता था। अब उन्हें 700 से 900 यूनिट तक के बिल थमाए जा रहे हैं। मंहगाई ने तो जनता की कमर तोड़ ही रखी है। बिजली कंपनी भी उपभोक्ताओं को राहत देने की जगह बेतहाशा बिल थमा कर उनकी मुसीबत को और बढ़ा रही है। बिल को लेकर परेशान जतना के साथ जवाबदार दुर्व्यहार भी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रदेश सचिव चौकसे के नेतृत्व में धर्मेंद्र राय, एनएसयू आई के शहर अध्यक्ष अमित पटेल, बंटी रेशवाल, गुंजा रघुवंशी, इंदौर पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजेश यादव, मनीष बेंडवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी जोन पर पहुंचे।




## देश मे बढ़ रहे दुष्कर्म को लेकर विरोध प्रर्दशन

### रीगल चौराहे पर केंडल मार्च निकालने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता

**इंदौर।** देश मे लगातार दुष्कर्म के मामले बढ़ रहे है। दिल्ली में 9 साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म एवं इंदौर के हॉस्पिटल में शर्मशार कर देने वाली घटना से देश और प्रदेश में सरकार के खिलाफ रोष का माहौल है, वही बेटियां अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। चारो तरफ भय का वातावरण है ।बलात्कारी निर्भय होकर अपराध को अंजाम दे रहे है ।सरकार आपराधिक घटनाएं रोकने में असफल साबित हो रही है। बेटियां असुरक्षित है सरकार की नाकामी को लेकर कॉंग्रेस नेता समाज सेविका रीना बोरासी सेतिया के नेतृत्व में आज शाम 5 अगस्त को 5 बजे से रीगल चौराहे पर कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया । इस मौके पर भारी संख्या में समाजसेवी महिलाएं मौजूद थी। समाजसेवी एवं कॉंग्रेस नेता रीना बोरासी सेतिया ने कहा कि प्रदेश में चारो तरफ भ्रस्टाचार व्याप्त है ।बेरोजगारी बढ़ रही है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है ।भय का माहौल है ।प्रदेश की बेटियां अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। महिला अपराध चरम पर है ।अपराध रोकने में सरकार नाकाम साबित हो रही है ।मामा जनता को मामू बना रहे। जनता सब समझ चुकी है अब सहन नही करेगी।

## एक नजर

### साकेत क्लब में राखी बाजार का आयोजन कल से

**इंदौर** । हर वर्ष की तरह इस बार भी 7 और 8 अगस्त को साकेत क्लब में दी पॉप - उपप़्ली का राखी बाजार आयोजित किया जा रहा है. आयोजक प्रेरित व चांदनी ने बताया कि फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए हैवी डिजाइनर आऊटफिट्स और ज्वेलरी का खास कलेक्शन देश के कई शहरों के 60 डिजाइनर्स एक्सहिबिट करेंगे। यहाँ हर उम्र के व्यक्ति के लिए कुछ न कुछ है। जयपुर के ब्लॉक प्रिंट के सूट्स से लेकर दिल्ली के गोट्टा पट्टी सूट्स और लहंगे एक्सहिबिट किये जायेंगे।

### नौकरी के लिए आज युवाओं का चयन

**इंदौर।** शासकीय संभागीय आई.टी.आई इंदौर में आज 6 अगस्त 2021 को सुबह 10 बजे एमपी इंजीनियरिंग प्रायवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा युवाओं को रोजगार देने के लिये कैम्पस रखा गया है। इसके माध्यम से इस कंपनी द्वारा 9 हजार रुपए से लेकर 12 हजार रुपए तक के वेतनमान पर युवाओं को चयन फीटर, टर्नर, मशीनिष्ट, मशीनिष्ट ग्राइंडर तथा वेल्डर के पदों पर किया जायेगा। इसके लिये आई.टी.आई. उत्तीर्ण इच्छुक युवा अपने पूर्ण दस्तावेजों के साथ कैम्पस में सम्मिलित हो सकते है।

## अलसुबह रिमझिम के बाद बादल फिर रुठे

### 8 अगस्त के बाद बारिश होने की संभावना

**इंदौर।** सावन का महीना भी बीतने को है लेकिन इंद्रदेवता पूरी तरह से इंदौर शहर पर महरबान नहीं हो रहे हैं। लगातार एक सप्ताह से अधिक हो गया है बारिश का सिस्टम तो बन रहा है लेकिन बरस नहीं रहा है। रोजाना रिमझिम बारिश और फुहारों के साथ ही लोगों को संतोष करना पड़ रहा है। गुरुवार को भी सुबह रिमझिम बारिश के साथ शुरुआत हुई लेकिन कुछ समय के बाद ही बादल फिर रुठ गए। सुबह से शाम तक बादल जरुर छाए रहे लेकिन बरसे नहीं। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि बारिश के लिए इंदौर को अभी 8 अगस्त तक का इंतजार करना होगा।

ग्वालियर-चंबल अंचल में बारिश ने रौद्र रूप धारण कर रखा। सिस्टम के एक्टिव होने से यहां पर मूसलधार हो रही है, जिस कारण नदी और नाले उफान पर हैं। हालांकि मौसम विभाग का आंकलन है कि 8 अगस्त के बाद ही इंदौर सहित आसपास के इलाकों में बारिश के आसार हैं। इंदौर में 10 दिन से लगातार छाए बादल रिमझिम तो बरस रहे हैं, लेकिन तेज बारिश की दरकार अभी भी है। गुरुवार सुबह-सुबह हुई दो घंटे तेज बारिश ने कुछ राहत तो दी। 9.2 मिमी बारिश के साथ ही इस सीजन बारिश का आंकड़ा 284.7 मिमी तक पहुंच चुका है। बारिश नहीं होने, आसमान साफ होने का असर अधिकतम तापमान पर भी हुआ। पिछले 9 दिन से अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम होकर 25 डिग्री रिकार्ड हो रहा था।

#### इंदौर में अब तक 11 इंच बारिश

10 दिन से लगातार छाए बादल रिमझिम तो बरस रहे हैं, लेकिन तेज बारिश की दरकार अभी भी है। गुरुवार सुबह-सुबह हुई दो घंटे तेज बारिश ने कुछ राहत तो दी। इंदौर में भले ही बारिश का आंकड़ा 11 इंच तक पहुंच गया है, लेकिन तालाबों के जलस्तर में कोई सुधार नहीं हुआ है। अभी भी लगातार 3 से 4 इंच तेज बारिश होने की दरकार है, जिससे तालाबों में सालभर सप्लाई के लायक पानी जमा हो जाए।

### आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

**इंदौर।** आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन किया एवं कुछ दिवस पहले जिस जनकार्य शाखा के अधिकारी एवं क्लर्क को लोकायुक्त द्वारा भ्रष्टाचार के लिए रंगे हाथों पकडा गया था, उनकी बर्खास्तगी की मांग रखी। जिला उपाध्यक्ष सतीश मलिक और जिला सचिव मनोज यादव ने कहा कि इन्दौर नगर निगम में खुलेआम भ्रष्टाचार की यह घटना इस देश के साथ विश्वासघात है।तथा इस घटना से अंतराष्ट्रीय स्तर पर इंदौर की छवि भी धूमिल हुई है। प्रदेश प्रवक्ता हेमंत जोशी ने निगम में व्याप्त रिश्वतखोरों के पूर्ण नेटवर्क को उजागर करने की मांग की है इस प्रकरण में कई अन्य प्रभावशील लोग भी शामिल है। इस घटना के अलावा भी निगम में भ्रष्टाचार आम बात है। निगम के जोनल कार्यालयों से लेकर मुख्यालय तक भ्रष्टाचार के रोग से ग्रसित हैं।

## लोकसेवा केंद्र और रजिस्ट्रार कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

### नाराजगी के साथ महिला स्टाफ से पूछा क्या आप काम नहीं करती

**इंदौर।** कलेक्टर मनीषसिंह ने गुरुवार दोपहर अचानक लोक सेवा केंद्र पहुंचे और निरीक्षण किया। दरसअल उनके लोक सेवा केंद्र में पहुंचने की सूचना पूर्व में किसी को नहीं थी। वे अपने ऑफिस से निकलकर सीधे परिसर से लगे लोक सेवा केंद्र पहुंचे। इस दौरान बाहर काफी भीड़ थी क्योंकि अब धीरे-धीरे स्कूल-कॉलेज खुल चुके हैं। उन्होंने लोगों को सोशल डिस्टेसिंग व मास्क का पालन करने को कहा और कहा कोरोना प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन करें। वे रजिस्ट्रार ऑफिस भी पहुंचे और पेंडिंग कामों को लेकर नाराजगगी जताई। उन्होंने महिला स्टाफ के काम पर असंतोष जताते हुए पूछा कि क्या आप यहां काम नहीं करती?

कलेक्टर सबसे पहले जब लोक सेवा केंद्र में गए तो स्टाफ हरकत में आ गया। कलेक्टर ने पूरे केंद्र का निरीक्षण किया तो पता चला कि काफी टेक्निकल परेशानियों के चलते पोर्टल काफी धीरे चल रहा है और स्टाफ की अपेक्षाकृत कमी है। इसके चलते लंबी लाइन लग रही है। उन्होंने स्टाफ से मौजूदा स्थिति जानी और दस्तावेज चेक किए। फिर बाहर खड़े लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने को कहा।



#### कर्मचारियों में मचा हड़कंप

कुछ देर बाद वे रजिस्ट्रार ऑफिस पहुंचे तो वहां भी स्टाफ में हड़कंप मच गया। कलेक्टर ने वहां एक टेबल पर रजिस्टर उठाए और उसे चेक किया। इसके साथ ही पेंडिंग कामों को देखकर एक कर्मचारी से कहा कि यह काम कौन देखता है तो उसने महिला स्टाफ को बुलाया। इस दौरान कलेक्टर ने रजिस्टर में और खामियां पाई और महिला कर्मचारी से पूछा क्या आप यहां काम नहीं करती तो वह कोई जवाब नहीं दे सकी। कलेक्टर ने यहां स्टाफ पर नाराजगी जताई और उन्हें ठीक से काम करने की चेतावनी दी।

## डीपी आभूषण लिमिटेड ने मजबूत तिमारी परिणामों की घोषणा की

**इंदौर।** डीपी आभूषण लिमिटेड ने 30 जून 2021 को समाप्त हुई प्रथम तिमाही में समेकित कारोबार में 322 प्रतिशत और कर के बाद अपने शुध्द लाभ में 31 प्रतिशत की वृध्दि की है।

कंपनी के पूर्णकालिक निर्देशक संतोष कटारिया को बहुत उम्मीद है कि महामारी का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो जाएगा तथा पूरी तरह से सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। महामारी की दूसरी लहर के बाद कारोबार में धीरे-धीरे वृध्दि हुई है। एक चुस्त ब्राण्ड और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ हम अपनी शीर्ष पंक्ति में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए आश्वस्त है क्योंकि आगामी शादी और त्योहारी सीजन में हमारे कारोबार सृजन के अवसर बढ़ेंगें।

कंपनी ने गुरुवार 5 अगस्त को अपने प्रथम तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। जून 2021 को समाप्त तिमाही के लिए समेकित कारोबार रु 175.34 करोड़ रहा जो कि जून 2020 को समाप्त तिमाही के लिए 41.56 करोड़ था। जून 2021 को समाप्त तिमाही के लिए कर पश्चात शुध्द लाभ रुपए 4.26 करोड़ रहा, जो जून 2020 को समाप्त तिमाही के लिए 3.25 करोड़ था।

प्रदेश के रतलाम, इंदौर, भोपाल एवं उज्जैन शहर के तथा राजस्थान के उदयपुर, भीलवाड़ा और कोटा शहर में कंपनी के कुल सात शोरुम है और अन्य शहरों में भी अपने आधार का विस्तार करने की योजना है।



## 9वीं-10वीं की क्लास का भी श्रीगणेश

### हाथ से लेकर जूते तक सैनिटाइज हुए

**इंदौर।** सरकार की गाइड लाइन के अनुसार स्कूलों में गुरूवार से 9वीं के छात्रों की ऑफलाइन पढ़ाई शुरू हो गई। स्कूल 26 जुलाई से खुल चुके हैं, लेकिन अब तक 11वीं और 12वी के छात्रों को बुलाने की परमिशन थी। सरकार ने 5 अगस्त से 9वी और 10वी के बच्चों को स्कूल बुलाने को कहा था। लेकिन ज्यादातर स्कूलों ने तय दिन के अनुसार 12वी के बच्चों को ही स्कूल बुलाया। उनका कहना था कि 9वीँ की क्लास का दिन शनिवार है इसलिए क्लास उसी दिन लगेगी। हालांकि कुछ स्कूलों ने जरूरी 9वी, 10वी के साथ 12वी क्लास के बच्चों को भी बुलाया। लंबे समय बाद कई स्कूलों की बस बच्चों को लेकर दौड़ती नजर आईं। स्कूल में बच्चों के हाथ से लेकर जूते तक सैनिटाइज किए गए।

शहर के कई स्कूलों में गुरुवार से ऑफलाइन क्लास शुरू हो गई। सत्यसांई स्कूल में 9वी से लेकर 12वी तक के बच्चे बस में सवार होकर पहुंचे।

## राशन वितरण को लेकर पीले रंग से पोती दुकानें

### मान मनुहार से बुलाकर सम्मान से उपभोक्ताओं को दिया जाएगा राशन

**इंदौर।** इंदौर जिले में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा दिये गये दिशा निदेर्शानुसार 7 अगस्त को जिले की सभी 532 राशन की दुकानों पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्नयोजना के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां जारी है। यह कार्यक्रम भोजन भी, जीवन भी, सम्मान भी, धन्यवाद मोदी जी थीम पर आयोजित किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को मान-मनुहार से बुलाकर विशेष सम्मान के साथ निःशुल्क राशन का वितरण किया जायेगा। जिले में दुकानों को सजाने, सवारने का काम तेजी से जारी है।

कलेक्टर मनीष सिंह के निर्देशन में जिले की सभी 532 उचित मूल्य की राशन दुकानों में कार्यक्रम के लिये विशेष तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर मनीष सिंह ने सभी दुकानों पर व्यवस्थाओं के लिये नोडल अधिकारी भी नियुक्त कर दिये हैं। बताया गया कि इस कार्यक्रम के लिये 6 अगस्त को उपभोक्ताओं को घर-घर जाकर विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। उन्हें आमंत्रण देने के लिये 7 अगस्त की सुबह क्षेत्र में प्रभात फैरियां भी निकाली जायेंगी। कलेक्टर मनीष सिंह द्वारा दिये गये दिशा निदेर्शानुसार जिले की सभी दुकानों को पीले रंग से पुताई कराई जा रही है। दुकानों में विशेष सफाई हो रही है। अनेक जगह दुकानों को गुब्बारों तथा अन्य सामाग्रियों से सजाया और सवारा जा रहा है। दूकानों में योजना संबंधी जानकारी के बैनर पोस्टर भी लगाये जा रहे है। दूकानों में स्टैन्डी/फ्लेक्स लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। कार्यक्रम के दिन उपभोक्ताओं के स्वागत में रांगोलियां भी बनाई जायेंगी। उपभोक्ताओं का परम्परागत रूप से स्वागत भी किया जायेगा।




### पूरे दिन खड़े रहे नगर निगम के ट्रक, ग्राहक लौट गए

**इंदौर।** नगर निगम की सख्ती के चलते आज पूरे दिन रिमूवल गैंग कानूनगो बाखल, गोपाल मंदिर क्षेत्र में लगी रही तो वहां फुटपाथ पर दुकानें नहीं लगी। लेकिन ग्राहक इस उम्मीद में आते रहे कि दुकानें लगी होगी। आज एक भी दुकान यहां नहीं लगने से यातायात सुव्यवस्थित रहा। अटाला बाजार हटा देने के बाद से सड़क पर धंधा करने वालों को पहली बार पूरी तरह हटाया गया लेकिन एक दिन की सख्ती से कुछ नहीं होने वाला।

## अब अस्तित्व की लड़ाई लड़ेंगें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

### 9 अगस्त को राज्यपाल के नाम देंगें ज्ञापन

**इंदौर।** भारत के स्वाधीनता संग्राम से जुड़ी स्मृतियों एवं संग्राम में भाग लेकर अपनी आहुतियां देने वाले परिवारों के प्रति शासन के उपेक्षापूर्ण व्यवहार के चलते शही व सेनानी परिवारों के सामने विशिष्ट पहचान खोने का संकट आ गया है। इन स्मृतियों व अस्तित्व की पहचान के लिए आगामी 9 अगस्त को देख के विभिन्न प्रांतों में शहीद व सेनानी परिजन राज्यपाल को ज्ञापन देकर अपनी बात रखेंगे। इसी क्रम में स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संयुक्त संगठन भोपाल क्रांति दिवस के मौके पर समुदाय की ओर से राज्यपाल को अनुरोध पत्र देकर अपनी भावनाओं से अवगत कराएगा।

उक्त जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अजय सीतलानी ने बताया कि अन्य राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश के सेनानी परिजनों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। अनेक राज्यों में भाजपा शासित प्रदेश शामिल है लेकिन वहां सेनानी परिजनों की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि को लेकर नियम व प्रावधान बने हुए हैं जिन पर अमल कर राहत दी जा रही है लेकिन प्रदेश में पुरानी सरकारों द्वारा नियमानुसार दी जाने वाली सम्मान निधि के प्रावधान खत्म किए गए हैं। उन्होने कहा कि सेनानी परिजनों के हिताथ कोई ऐसा प्रावधान नहीं बचा है जिस पर अमल कर लाभ पहुंच सके। इसलिए आगामी बैठक कर कार्यक्रम तय होंगें साथ ही सरकार तक अपनी बात पहुंचाई जाएगी।

## मछली विक्रय के चलते हवाई जहाज दुर्घटना का अंदेशा बढ़ा

**इंदौर।** कहने को एयरपोर्ट अर्थॉरिटी का नियम है कि दो ढाई किलोमीटर के क्षेत्र में मांस मछली की दुकान नहीं होना चाहिए लेकिन एयरपोर्ट से एक डेढ़ किलोमीटर के दायरे में ही दर्जनों मांस मछली की दुकानें है।

एयरपोर्ट से आधा किलोमीटर दूर गांधी नगर से गोम्मटगिरी के बीच यशवंत सागर से मछली लाने वालों की दर्जन भर से ज्यादा दुकानें लगती है। एयरपोर्ट से एक किलोमीटर दूर सीताश्री बिल्डिंग के पास भी चिकन मटन की दुकान है। छोटा बांगड़दा रोड पर भी मांस मछली की दर्जनभर दुकानें हैं। हम्माल कालोनी के सामने तो सड़क पर मछली मटन बिकता है। इस वजह से पक्षियों के झुंड मंडराते रहते हैं। यह इलाका भी हवाई जहाजों के उड़ान रूट में है और कभी भी किसी पक्षी के टकरवाने से हवाई जहाज गिरने का हादसा होने का डर बना रहता है। नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग मूक दर्शक बना अवैध मांस मछली का कारोबार देख रहा है। आश्चर्य की बात तो यह है कि एक भी दुकान के लायसेंस नहीं है।

## गुरु हरकृष्ण जी का प्रकाशपर्व मनाया गया

**इंदौर** । सिखों के आठवें गुरु, गुरु हरकृष्ण जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया । मध्यप्रदेश पंजाबी साहित्य अकादमी के तत्वावधान में आयोजित आनलाईन कार्यक्रम में गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल इंदौर के विद्यार्थियों द्वारा कोई बोले राम राम.....सतगुरु की सेवा सफल है.... आदि गुरुवाणी के शब्द गायन किये गए । कीर्तन और भाषण द्वारा गुरु जी की शिक्षाओं का स्मरण किया गया । अकादमी की डायरेक्टर श्रीमति नीरू सिंघ ने अपने उदबोधन में कहा कि गुरु जी ने सेवा के महत्व को प्रभु की उत्तम भक्ति बताया , गुरु जी ने चेचक महामारी के रोगियों का स्वयं अपने हाथों से इलाज किया । आज भी उनकी याद में दिल्ली में बना गुरुद्वारा बंगला साहिब से लोग चरणामृत लेकर अपने दुःख दूर करते है।

